आज दिनांक 31.12.2021 को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ के उन्नत भारत अभियान योजना के बैनर तले कॉलेज प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता जी के दिशा निर्देशन में गांव साहूपुरा के राजकीय उच्च विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिनका विषय था - " आत्मरक्षा ", "योग के लाभ" और "कचरे का प्रबंधन" । डॉ. पूजा सैनी (उन्नत भारत अभियान की सदस्य), श्रीमती सरोज, श्रीमती रजनी और श्रीमती मुक्ता (स्कूल अध्यापिका) ने प्रतियोगिता की समस्त गतिविधियों का संचालन किया ।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्रा अंशुल व संजना ने आत्मरक्षा के कुछ उपायों को डेमो रूप प्रस्तुत कर अपने बचाव के विभिन्न तरीके स्कूल छात्र-छात्राओं के समक्ष रखे तथा साथ महाविद्यालय की छात्रा सुजाता ने योग के विभिन्न आसन करके दिखाते हुए उन्हें योग को अपनाने व नियम बद्ध रूप से योग करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस गतिविधि में अन्य प्रतिभागी रूप में छात्रा निताशा और गीता में स्वच्छा पर अपने विचारों को कविता के माध्यम से विद्यार्थियों के सामने प्रस्तुत कर उन्हें स्वच्छता अपनाने और अपना गाँव साफ सुधरा रखने की भागीदार के लिए उत्साहित किया है। कार्यक्रम का अन्त करते हुए डॉ. पूजा सैनी ने स्कूल विद्यार्थियों को इसे जीवन में अपनाने तथा परिवार के साथ साझा करने पर जोर दिया। इस अभियान के तहत साहूपुरा गांव का सर्वेक्षण किया गया । तदुपरांत गांव की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए उन पर कार्य करने का निर्णय लिया गया । साहूपुरा गांव में महाविद्यालय की उन्नत भारत अभियान की सदस्य डॉ. पूजा सैनी व विद्यार्थियों ने गांव के स्कूल के अध्यापकों और ग्रामीणों से सर्टिफिकेट कोर्स के बारे में विचार सांझा किए और उन्हें इस पाठ्यक्रम का विवरण बताया और उन्हें ड्रॉप आउट छात्रों का पहचान करने और उनके माता-पिता के साथ एक बैठक की व्यवस्था करने के लिए कहा । कॉलेज द्वारा चलाए जा रहे सर्टिफिकेट कोर्स के लाभों के बारे में भी ग्रामीणों के साथ चर्चा की गई जो कि पूरी तरह से फ्री है और जिसकी कम से कम 6 महीने की अवधि का है । सर्टिफिकेट कोर्स से जुडी अहम जानकारियां गांव के लोगों ने बहुत ध्यान से सुनी और सभी प्रेरित भी हुए ।